समाचार संक्षेप

चक्रवात के मद्देनजर विशाखापट्नम-रायपुर-विशाखापट्नम पैसेंजर रही रद्द

रायपुर, 12 अक्टूबर। ओड़िशा एवं आंध्रप्रदेश से होकर गुजरने वाली चक्रवात तितली के मद्देनजर विशाखापट्नम से रायपुर और रायपुर से विशाखापट्नम जाने वाली पैसेंजर गाड़ी 58528-58527 आज रद्द है, जिसके कारण इस गाड़ी से सफर करने वाले यात्रियों को आज परेशानियों का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि ओड़िशा एवं आंध्रप्रदेश में आये चक्रवात तितली के कारण पूर्व तटीय रेलवे से संबंधित कई गाड़ियां प्रभावित हुई है। इसमें आंध्रप्रदेश से छत्तीसगढ़ आने-जाने वाली की कुछ गाड़ियां भी शामिल है।

माता के दर्शन के लिए मंदिरों में लगी भक्तों की कतार

रायपुर, 12 अक्टूबर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर आज द्वितीया एवं तृतीया तिथि एक साथ होने के साथ ही सुबह से ही शहर के महामाया मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, कंकाली माता मंदिर, मौली माता मंदिर, मरही माता मंदिर, बंजारी माता मंदिर, शीतला मंदिर, पुरानी बस्ती आमापारा, काली मंदिर आकाशवाणी रायपुरा राजेन्द्र नगर सहित सभी माता देवालयों में सुबह से ही भक्तों की कतार माता के दर्शन के लिए मंदिरों में कतारबध्द अपनी बारी का इंतजार करते दिखी वहीं बुधवार रात को बिलासपुर से रतनपुर, जगदलपुर से दंतेवाड़ा एवं रायपुर से बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में मां के दर्शन के लिए पदयात्रियों की बड़ी संख्या जय माता दी का जयकारा करते हुए मुख्य मार्गों पर दिखी। हमेशा की तरह इस बार भी पदयात्रा मार्ग में पड़ने वाले स्थानों में अनेक स्वयं सेवी संगठनों द्वारा पंडाल लगाकर भक्तों को भोजन कराया जा रहा है एवं उपवासी भक्तों को फल दूध आदि प्रदाय किया जा रहा है। बम्लेश्वरी मंदिर सीढ़ी मार्ग में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं राजनांदगांव स्थित छोटा भाई जेता भाई एण्ड कंपनी के बगल में स्थित दुर्गा मंदिर में पदयात्रियों के आराम की व्यवस्था स्थानीय भक्तों द्वारा की गई है। पप्पू जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी पेन किलर गोलियां, आईटमेन्ट, बेन्डेज पट्टीयां एवं अन्य एन्टीबाइटिक दवाईयों को स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से दक्ष चिकित्सकों की देखरेख में पीड़ित भक्तों को दिया जा रहा है। जैन ने बताया कि पूरे 9 दिन सुबह 7 बजे से रात के 11 बजे तक शिविर में सेवा दे रहे पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा प्रत्येक भक्त का बीपी शुगर आदि निःशुल्क चेक किया जायेगा।

गोदड़ीवाला धाम में वर्सी महोत्सव 13 से

रायपुर, 12 अक्टूबर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 13 अक्टूबर से बाबा हरदासराम साहेब की वर्सी को महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। बाबा हरदासराम सेवा मंडल व संत बाबा गेलाराम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वर्सी महोत्सव तीन दिन तक चलेगा। इन तीन दिनों में हवन, झंडावदन, सत्संग, भजन, अखंड पाठ, बहिराणा साहिब की शोभायात्रा सहित कई अनुष्ठान होंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जाएगा।

काउंकेचर अभियान दल ने 75 आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजीहाउस में बंद किया

रायपुर, 12 अक्टूबर। नगर निगम रायपुर के आयुक्त रजत बंसल के निर्देश पर काउंकेचर अभियान दल द्वारा कालीबाड़ी से लेकर सिद्धार्थ चौक, संतोषीनगर बोरियाखुर्द होते हुए कमल विहार तक, टिकरापारा से भाठागांव, रिंगरोड से टाटाबंध हीरापुर अटारी तक, कचहरी चौक से शंकरनगर होते हुए मोवा सड़क तक एवं मुख्यमंत्री निवास से तेलीबांधा होकर व्हीआईपी रोड मुख्य मार्ग तक सघन अभियान चलाकर काउंकेचर की सहायता से उपायुक्त बाजार आरके डोंगरे के नेतृत्व एवं राजस्व निरीक्षक प्रमोद जाधव व प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक सीता राम साहू की उपस्थिति में अभियान चलाकर मुख्यमार्गों से 75 आवारा मवेशियों की धरपकड़ कर उन्हें निगम के भाठागांव, लाखे नगर कांजीहाउस में बंद करने की कार्यवाही की। उक्त आवारा मवेशियों के कारण शहर के विभिन्न मुख्य मार्ग में यातायात बाधा बने हुए थे एवं नागरिको को आवारा मवेषियों के मुख्य मार्ग में होने के कारण आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड रहा था। इसके चलते नागरिको को आवागमन में राहत दिलवाने आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में बंद कर दिया गया। अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

मोबाइल और बाइक चोरी के 4 मामलों में रिपोर्ट दर्ज

रायपुर,12 अक्टूबर। शहर में आए दिन मोबाइल और बाइक चोरी की घटना से लोगों के साथ ही पुलिस के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। क्राइम ब्रांच और स्थानीय थानों के पुलिस बल चोरों पर शिकंजा कसने में ठोस रणनीति अपनाने में नाकाम साबित हो रही है। बुधवार को दिनभर में लगभग चोरी के चार मामले दर्ज कराए हैं। इनमें दो मोबाइल और दो मामले बाइक चोरी के हैं। कोतवाली पुलिस ने प्रार्थीया कुमारी सीतल गुप्ता (25) निवासी सोनकरपारा पुरानीबस्ती ने 9 अक्टूबर को मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज किया है। घटना बुधवार को शाम लगभग 6.45 से 7.00 बजे के बीच मारवाडी कब्रस्तान के पास से एक्टीवा की डिक्की में रख एक नग रेडमी नोट 4 मोबाइल अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। वहीं थाना कबीरनगर में भूपेंद्र कुमार चौबे (30) निवासी आमानाका ने 5 अक्टूबर के रात 11.45 बजे पॉकिट से मोबाइल चोरी की शिकायत की गई है। घटना स्थल कबीरनगर श्याम चेम्बर के पास से फुल पैंट की जेब में रखे एक नग वीवो कम्पनी का मोबाइल फोन चोरी कर ले गया।

कमजोर की सेवा और धर्म की रक्षा अग्रकुल की परंपरा- बृजमोहन

रायपुर, 12 अक्टूबर। इटारसी में तरुण अग्रवाल मंडल द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में छत्तीसगढ़ के कृषि एवं सिंचाई मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यहा नगर भ्रमण पर निकली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा के साथ उन्होंने भी नगर भ्रमण किया तथा संध्या अग्रवाल भवन में आयोजित जयंती समारोह में उन्होंने समाज को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हम सूर्यवंशी अग्रकुल के है। देश-दुनियां में अपने सनातन धर्म-संस्कृति की रक्षा का दायित्व हम अग्रवालों का है।अग्रणी रहकर अपने इस कर्तव्य का पालन हमे करना है।अपनी विरासत को संजोकर रखते हुये महाराज अग्रसेन के बताये समाजवाद के सिद्धांत को आगे बढ़ाकर सभी की खुशहाली के लिए मार्ग का निर्माण करते चलना है।

यहां देर रात तक समाज का सांस्कृतिक व् पुरस्कार वितरण कार्यक्रम चलता रहा।इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हमारा समाज सभी के सहयोग में तत्पर रहता है। हमारे सहयोग स्वरूप प्रदान किये जाने वाली धनराशि का उपयोग आमजनों की सेवा में अन्य संगठन भी करते है।परंतु वहां अग्रवाल की भूमिका अदृश्य रहती है। समाज को चाहिये कि प्रत्येक नगर इकाई में स्वयं का ट्रस्ट बनायें और प्रत्येक अग्रवाल परिवार से सालाना एक निश्चित धन राशि ग्रहण करें।इस हेतु समाज के बेरोजगार युवकों को जिम्मेदारी दी जाये। संग्रहित राशि का उपयोग समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान में करते हुए बच्चों की शिक्षा, बेटियों की शादी और बीमार के इलाज के लिए यह ट्रस्ट चेक के माध्यम से सीधे सहयोग करें। ध्यान रखने योग्य बात है कि अग्रवाल समाज सिर्फ धन-सम्पदा से संपन्न लोगों का होकर न रह जाए।हमारे समाज में भी निर्धन परिवार है।उनका दुराव कैसे जुड़ाव में तब्दील हो हम प्रयास करें।

इस अवसर पर तरुण अग्रवाल मंडल के अध्यक्ष गुलाब चंद जी अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दीपक हरी नारायण अग्रवाल दीपक घनश्याम दास अग्रवाल सतीश अग्रवाल चंद्रकांत अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

गरीब बस्तियों को गोद ले अग्रवाल समाज

उन्होंने कहा कि समाज को सेवाकार्य व्यवस्थित रूप से करना चाहियें।एक गरीब बस्ती को गोद लेकर वहा निवासरत लोगों के स्वास्थ्य,बच्चों की शिक्षा व् उनके रोजगार सहित उनके निम्न जीवन स्तर को ऊंचा उठाते हुए विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाने आगे आये।

अपनी शक्ति का उपयोग सर्व समाज के हित में करें

बृजमोहन ने कहा कि 5187 वर्ष पहले क्षत्रिय कुल में जन्में महाराज अग्रसेन ने अपने राज्य में समाजवाद की सर्वप्रथम स्थपना की थी। हमे गर्व है कि हम उनके कुल के वंशज है।वे सदैव अपनी प्रजा के साथ खड़े रहते थे।कही भेदभाव नही था, सभी को सामान अधिकार था।हम अपनी शक्ति का उपयोग धर्म की रक्षा और सर्व समाज के उत्थान में करेंगे तभी हमारी पहचान कायम रहेगी।

रायपुर, 12 अक्टूबर। एकात्म परिसर में प्रेसवार्ता लेते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धरम लाल कौशिक।

गोपियापारा व पंडरी से तीन जुआरी गिरफ्तार

रायपुर,12 अक्टूबर। शहर में जुआरियों का फड़ कई जगह लग रहे हैं। पुरानी बस्ती पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोपियापारा से दो जुआरियों रविकांत यादव उम्र 36 साल सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। बुधवार की शाम 7.20 बजे घटना स्थल कुकरीपारा भैया तालाब के पास आरोपियों को जुआ खेलते पाए जाने उनके कब्जे से तास पत्ती, नगदी 910 रुपए जब्त किया। इसी तरह थाना सिविल लाईन ने आरोपी बलराम राव उम्र 46 साल निवासी भिलाई को पण्डरी सिटी स्टेशन के पास स्टाईगर से जुआ खिलाते पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कब्जे से 3 नग स्टाईगर, नगदी 680 रुपए जब्त किया गया है।

मिनीसो ने नया आउटलेट किया लांच

रायपुर, 12 अक्टूबर। जापान के विख्यात डिजाईनर ब्रांड मिनीसो ने आज अम्बुजा सिटी सेंटर माल में नया आउटलेट लांच किया। जापान आधारित यह ग्रांड जापानी डिजाइनर मियाक जुन्या और युवा चीनी उद्यमी येगुओफू द्वारा टोकियो जापान में संयुक्त रूप से स्थापित किया गया था। सितंबर 2013 से इसने चीनी बाजार में प्रवेश किया। सादगी प्रकृति और अच्छी गुणवत्ता के जीवन दर्शन के साथ मिनिसो ने 2017 में भारत के बिग बाजार में अपना उत्पाद लांच किया। रायपुर में आउटलेट के संचालक सुरेश कुमार चौधरी, चंदन चौधरी और अंकित चौधरी ने प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी देते हुए बताया कि इस स्टोर में 150 रुपए से लेकर यथा योग्य मूल्य तक वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध है। उद्घाटन अवसर पर चेयरमैन और वेंटोटा रिटेल के सहसंपादक संदीप केडिया और सीईओ दीपक अंकलिया ने कहा कि हमेशा से शानदार उत्पाद प्रस्तुत करने की उनके दिल में तमन्ना थी। यह स्टोर किफायती दामों के लिए ग्राहकों के बीच पहचाना जाएगा। एक छत के नीचे इसी तरह का प्रयोग वे राजस्थान के जयपुर में बिग सिटी स्टोर में कर चुके हैं। जहां पर उपभोक्ताओं का अच्छा प्रतिसाद मिनिसो के उत्पाद को मिल रहा है। वे रायपुर के उपभोक्ताओं से किफायती दामों में उपलब्ध सामग्री क्रय करने की अपील करते हैं। नवरात्रि पर शुरू हुए इस आउटलेट से वार्ताकार चौधरी बंधुओं को अच्छी बिक्री की आशा है।

छत्तीसगढ़ पुलिस हाइवे पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनायेगी

रायपुर, 12 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय अटल नगर रायपुर में 09 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में संचालित हाइवे पेट्रोलिंग वाहन के प्रभारी अधिकारियों की बैठक सहायक पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में हाइवे पेट्रोलिंग के दौरान किए जा रहे कार्यों की समीक्षा एवं हाइवे पेट्रोलिंग को मानव जीवन की सुरक्षा की दृष्टि से और प्रभावी तथा यातायात सुदृढ़ बनाए जाने के लिए भविष्य के प्रयासों, उपायों एवं आवश्यकता के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि हाइवे पर सुगम यातायात बनाने के लिए और सड़क सुरक्षा से जुड़े शासन के अन्य विभागों लोक निर्माण विभाग, एन.एच.ए.आई. नगरीय निकाय, 108 एवं स्वास्थ्य विभाग तथा आम नागरिकों का बहुत अच्छा सहयोग प्राप्त हो रहा है। बैठक में सहायक पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा ने अनाधिकृत वाहनों की पार्किंग को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पेट्रोलिंग के प्रभारी पुलिस अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के दुर्घटना संभावित क्षेत्र या स्थानों पर आवश्यक उपाय (सहायक मार्ग में स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रीप, साइन बोर्ड, अनाधिकृत रोड कटिंग, सड़क पर गड्ढे, सोल्डर वर्क, प्रकाश व्यवस्था, अंधे मोड़ों पर बेहतर दृश्यता के लिए झाड़ियों की कटाई आदि) की जानकारी दिया गया जिसे सहायक पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा द्वारा लोक निर्माण विभाग एवं एन.एच.ए.आई. को कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में एन.एच.ए.आई. के क्षेत्रीय अधिकारी गोविन्द गहिरवार, लोक निर्माण विभाग के सहायक इंजीनियर गुरजीत सिंह, पुलिस उपअधीक्षक यातायात दुर्ग एस.के. भारद्वाज सहित महासमुंद के यातायात प्रभारी और सड़क सुरक्षा सेल रायपुर के समस्त हाइवे पेट्रोलिंग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

विधायकों से लिपिकीय सुविधा तत्काल वापस लेने के निर्देश

रायपुर। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के आम चुनाव 2018 के तहत प्रदेश में लागू आदर्श आचरण संहिता को ध्यान में रखते हुए विधायकों से लिपिकीय सुविधा तत्काल प्रभाव से वापस लेने के निर्देश जारी किए हैं। इस आशय का का परिपत्र आज यहां मंत्रालय से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी कर दिया गया। परिपत्र में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में 6 अक्टूबर को विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है।

बसपा व जनता कांग्रेस की संयुक्त महारैली के बहाने मायावती-जोगी करेंगे चुनावी शंखनाद आज

रायपुर, 12 अक्टूबर। राजधानी सहित प्रदेश के कोने कोने से हर विधानसभा के बूथ स्तर से कार्यकर्ताओं को रैली में शामिल होने तैयारी जोरों से चल रही है। बसपा व जनता कांग्रेस के कार्यकर्ता गांव गांव घूम रहे है। तो बसपा के राजधानी से दो दावेदार भी अपनी शक्ति प्रदर्शन करने रायपुर पश्चिम से भोजराज गौरखेड़े व रायपुर दक्षिण से उमेश मानिकपुरी शहर के वार्डों में बहुजन समाज को जगाने वोट की ताकत दिखाने लोगों के बीच जा रहें हैं। 13 अक्टूबर को बिलासपुर की रैली में राजधानी से लगभग 20 हजार लोग शामिल होंगे। लोकसभा प्रभारी संजय गजभिये ने बताया कि बसपा इस बार जनता कांग्रेस के साथ मिलकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भी कार्यकर्ता तैयार कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगते ही राजनीतिक दलों में प्रत्याशियों के चयन के लिए कवायद शुरू कर दिया है। ऐसे में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी भी छत्तीसगढ़ आ चुके हैं। अब बसपा के सुप्रीमो बहन मायावती 13अक्टूबर को चुनावी रैली को धार देने विरोधियों को ताकत का एहसास कराने बिलासपुर आने वाली है। बसपा व जनता कांग्रेस के बीच गठबंधन होने के बाद प्रदेश व देश मे राजनीतिक समीकरण भी बदल गए हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में कर्नाटक के फर्मूला अपनाते हुए क्षेत्रीय दलों से गठबंधन की रणनीति कांग्रेस व बीजेपी की धड़कनें तेज कर दी है। ऐसे में बसपा के कार्यकर्ताओं में जोश व उत्साह दोगुना हो गया है। छत्तीसगढ़ में जनता कांग्रेस के मुखिया अजीत जोगी को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित कर मायावती ने अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षा को आगे रख दिया। पीएम बनने के लिए कांग्रेस के बजाए छोटे दलों से को साथ लेकर चलने की पॉलिसी में मायावती सबसे आगे है। गठबंधन में रायपुर दक्षिण की सीट मिलने के बाद बसपा ने शहरी मतदाताओं के सामने अपने कैडर कार्यकर्ता को इस सीट से उतारने की तैयारी कर रखी है।

राजधानी के चुनावी प्रचार का फायदा प्रदेश के सभी 90 सीटों के लिए सकारात्मक संदेश जाने वाला है। इस सीट से उमेश मानिकपुरी प्रबल दावेदार नजर आ रहें हैं। कबीर पंथी समाज से होने से पिछड़े व एससी मतदाताओं के बीच अच्छी पकड़ बनने जुटे हुए हैं। उमेश मानिकपुरी सभी वार्डों में लोगों की तैयार कर रैली में 5 हजार कार्यकर्ताओं की टीम लेकर पहुंचेंगे। इसके अलावा जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का भी साथ मिलने से रायपुर दक्षिण में बीजेपी के गढ़ माने जाने वाले दिग्ज मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के सामने चुनौती खड़ी करने को तैयारी चल रही है।

फेसबुक के साथ अब ट्वीटर पर भी `मतदाताओं से सीधा संवाद

रायपुर, 12 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू 12 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से एक बजे तक फेसबुक और ट्वीटर के जरिए मतदाताओं से रू-ब-रू होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के फेसबुक पेज और ट्वीटर हैंडल पर लाइव मौजूद रहकर वे मतदाताओं से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान वे मतदाताओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी देंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू विधानसभा निर्वाचन की गतिविधियों और प्रदेश में पहली बार इस्तेमाल हो रहे सी-विजिल एप की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी देंगे। वे फेसबुक पेज और ट्वीटर हैंडल पर लाइव मौजूद रहेंगे। प्रदेश के नागरिक उक्त अवधि के पूर्व भी अपनी जिज्ञासा और सवाल उल्लेखित फेसबुक पेज और ट्वीटर हैंडल पर दर्ज कर सकते है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी साहू विगत 01 अक्टूबर को भी फेसबुक पर मतदाताओं से रू-ब-रू हुए थे। मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में उनसे सवाल पूछे थे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया था। फेसबुक लाइव की सफलता को देखते हुए इस बार 12 अक्टूबर को वे फेसबुक के साथ-साथ ट्वीटर पर भी लाइव रहकर मतदाताओं से संवाद करेंगे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं के बीच बेहतर पहुंच बनाने और उन्हें आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान के प्रति प्रेरित करने में यह सीधी बातचीत काफी प्रभावी हो रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सोशल मीडिया विंग द्वारा किए जाने वाले इस फेसबुक और ट्वीटर लाइव में प्रदेश के सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन हेतु सोशल मीडिया फेसबुक पर पृथक से नामक एक प्रतियोगिता भी पूर्व से संचालित है। इसके लिए 500 से 50 हजार रूपए तक की पुरस्कार राशि का भी प्रावधान किया गया है।

अश्लील सीडी निर्माताओं ने जारी की फूहड़ कॉमेडी वाली सीडी : शर्मा

रायपुर, 12 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी विधायक एवं प्रवक्ता शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस द्वारा बहु प्रचारित सीडी जिसे उनके प्रवक्ता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने एक पत्रकार वार्ता के माध्यम से जारी किया पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इसे जारी करने के पूर्व बड़े जोर शोर से यह प्रचारित किया गया था कि यह सीडी धमाकेदार होगी, परंतु वही खोदा पहाड़ और निकली चुहिया वाली बात साबित हुई। छत्तीसगढ़ की सुसंस्कृत जनता पुनः आशांकित थी कि कांग्रेस के स्थापित रिकार्ड जो अश्लील सीडी बनाने और बांटने का हो चला है, पुनः कुछ ऐसा ही गंदा खेल होगा और राज्य के वातावरण को दूषित किया जाएगा। कांग्रेस द्वारा पूर्व में किये गये ऐसे घृणित कार्यों को जनता द्वारा कोई प्रोत्साहन न मिलने एवं इसको नकार दिये जाने के कारण इस बार कांग्रेस रमन सरकार द्वारा किये गये विकास के कार्यों को नकारने का कुत्सित प्रयास इस सीडी के माध्यम से कर रही है। रमन सरकार द्वारा किये गये जन विकास के कार्यों जिस पर जनता अपने जनादेश की मुहर लगा चुकी है उसे नकारने का भौंडा और नीचतापूर्ण नमूं प्रयास किया गया है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अगर सोच रही है कि इस तरह की सीडी बनाकर वह जनता के लिए भाजपा सरकार द्वारा धरातल पर किये गये विकास कार्यों को नकार सकती है तो यह तो वही मिसाल हुई कि कोई व्यक्ति आंखें बंद रखकर यह कहता रहे कि सूरज नहीं निकला है। यही नहीं हमारे द्वारा लगभग चार माह पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल द्वारा भाजपा सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों को नकारे जाने पर कटाक्ष करते हुए एक पोस्टर जिसका शीर्षक भूपेश का उल्टा चश्मा जारी किया था आज कांग्रेस ने बिना अक्ल का प्रयोग किये केवल भौंडी नकल करते हुए, रमन का उल्टा चश्मा शीर्षक का इस्तेमाल किया है जो कांग्रेस के दिमागी दिवालियापन को दर्शाता है।

श्री शर्मा ने कहा कि दरअसल कांग्रेस को यह अच्छी तरह मालूम है कि जब वे छत्तीसगढ़ की जनता द्वारा सत्ता से बेदखल कर दिये गये थे तब बीमारू राज्य की श्रेणी में शामिल छत्तीसगढ़ आज विकसित राज्यों की दौड़ में पूरी शिद्दत के साथ शामिल है। हम डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में किये गये कार्यों से आश्वस्त हैं कि जनता हमें चौथी बार भी सेवा का अवसर प्रदान करेगी।

रायपुर, 12 अक्टूबर। इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत कृषि विज्ञानं केंद्र अम्बिकापुर का शा.उ.मा.वि. मेंड्राकला, भगवानपुर, राजकुमार पब्लिक उ.मा.वि. विश्रामपुर मार्गदर्शन संस्थान कृषि महाविद्यालय एवं रानी दुर्गावती कृषि महाविद्यालय पेंड्रा रोड के कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

डोंगरगढ़ में लंबी दूरी की कुछ ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

रायपुर, 12 अक्टूबर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर रेलवे प्रशासन ने लंबी दूरी की कई ट्रेनों का डोंगरगढ़ में अस्थाई ठहराव दिया है। इससे माता का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिल रही है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत चलने वाली लंबी दूरी की कई ट्रेनों का मां बमलेश्वरी के धाम डोंगरगढ़ में अस्थाई ठहराव दिया गया है। इसमें पुणे-हावड़ा-पुणे आजाद हिंद सहित मुंबई-हावड़ा मेल सहित अन्य ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ से चलने वाली लोकल-पैसेंजर ट्रेनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में माता के भक्त मां बमलेश्वरी का दर्शन करने के लिए डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। डोंगरगढ़ में भी बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पृथक से हेल्प डेस्क खोला गया है। यहां श्रद्धालुओं को सभी तरह की जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।